Bareilly, Monday,
31 October 2022
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

रासतिलाना मे विद्यार्थियो ने दी अभिव्यक्ति

एसआरएमएस रिद्धिमा मे रविवार को सांस्कृतिक नाट्य संध्या अभिव्यक्ति का आयोजन हुआ. इसमे रिद्धिमा के कथक और भरतनाट्यम के विद्यार्थियो ने विभिन्न रागो पर भावाव्यक्ति दी. वादन गुरु शिवांगी मिश्रा ने जय मां अष्ट भवानी से दुर्गा जी की स्तुति की.भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज ने शब्दम पर विद्यार्थियो के साथ अभिव्यक्ति दी. भरतनाट्यम के विद्यार्थियो ने रासतिलाना पर अपनी भावाव्यक्ति दी. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीटा शर्मा, डॉ. आलोक खरे, रवि गट्टूमल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या मे दर्शक मौजूद रहे.

PAGE NO : 05 TOP

रिद्धिमा में थियेटर फेस्ट 1 नवंबर से

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (30 Oct): श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में थिएटर प्रेमियों के लिए दूसरा थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष

रंग महोत्सव-2022 आयोजित होने जा रहा है. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक, चेयरमैन देवमूर्ति ने बताया कि छह दिन का दूसरा थिएटर फेस्टिवल एक नवंबर से आयोजित किया जा रहा है.

6 नवंबर को समापन

इसका आगाज पहली नवंबर को मुंबई के डे ड्रीमर्स फाउंडेशन ग्रुप द्वारा प्रस्तुत और सलीम शाह निर्देशित नाटक 'मैन डिस्पोजेज गॉड प्रपोजेज' से होगा. जबकि समापन 6 नवंबर को कोलकाता के यूनिवर्सल लिटिल थिएटर द्वारा प्रस्तुत और प्रताप जायसवाल निर्देशित नाटक 'हाय हैंडसम' से किया जाएगा. नाटक का मंचन प्रतिदिन शाम 4.00 बजे से 5.15 बजे और 5.45 बजे से 7.00 बजे होगा. इसकी विस्तृत जानकारी श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा की वेबसाइट www.srms.ac.in/riddhima पर ली जा सकती है. थिएटर प्रेमी इसी साइट से ऑनलाइन अपनी सीट भी रिजर्व करवा सकते हैं.